54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.8°c अधिकतम 33.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:16 | वर्ष : 54/ अंक : 155 | शनिवार, 06 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

नैतिकता तभी आपके काम आती है, जब आपके पास अपनी जरूरत की हर चीज हो और आप उसे बस अपने लिए रखना चाहते हों।


आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा, वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं : मोदी



अच्छे कामों से इनको दिक्कत है... ये उदासी में डूबे रहते हैं...

# अय्याशी का एक और अड्डा सील, दिल्ली अग्निकांड के बाद मानकों पर खरा नहीं उतरा होटल

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** जानसठ रोड स्थित एक और अय्याशी के अड्डे पर सील लगाई गई। चर्चाओं का बाजार तब गर्म हो गया, जब पुलिस टीम को देखते ही संचालक खुद पर खुद होटल छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने तरह-तरह की सूचनाएं एक दूसरे को दी और बताया कि उक्त होटल में भी खूब अय्याशियां चल रही थी। पुलिस तो सिर्फ दिल्ली के होटल में 22 लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर जानसठ रोड पर चेकिंग के लिए निकली थी, जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर और मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार के नेतृत्व में शहर के होटलों, रेस्टोरेंटों, गेस्ट हाउसों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जब टीम जानसठ रोड के जेएसबी रॉयल होटल में पहुंची तो उक्त होटल संचालक गायब हो गया। टीम ने जांच की तो होटल का संचालन फायर सेफ्टी मानकों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा था। निरीक्षण में फायर एनओसी, अग्नि शमन सुरक्षा सम्बंधी आवश्यक व्यवस्थाएं और सराय एक्ट के तहत अनिवार्य लाइसेंस तक मौजूद नहीं था। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए आठ कमरों का संचालन होटल के नाम पर किया जा रहा था। अनियमितताएं पाए जाने के बाद नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने हाथोंहाथ होटल सील करने के निर्देश दिये और होटल में टीम द्वारा सील लगा दी गयी।






### अभी तो अय्याशी के कई अड्डों पर सील लगनी बाकी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रशासन यदि अन्य अय्याशियों के अड्डों की भी जांच करेगा तो सिर्फ यहां अग्निशमन से सम्बंधित नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की खामियां देखने को मिलेंगी। किस तरह से अय्याशी के अड्डों पर



पहुंचने के लिए कैसे-कैसे बिस्तर सजाने के विज्ञापन किये जा रहे हैं और अग्निशमन से सम्बंधित एकाध उपकरण के अलावा इन अड्डों पर कुछ नहीं मिलेगा। हां प्रशासन यदि गंभीरता से जांच करेगा तो यहां आपत्तिजनक सामग्री हर हाल में मिलेगी। अब इसकी जांच नगर के विभिन्न अय्याशी के अड्डों में हो पाएगी, यह कह पाना मुश्किल है। मगर जिस दिन भी गहनता से जांच होगी, इन अड्डों पर ऐसी-ऐसी अनियमितताएं मिलेगी, जिसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है।

**ऑपरेशन सवेरा के तहत मुजफ्फरनगर पुलिस का बड़ा एक्शन**

# 10 लाख का प्रतिबंधित सिरप, 3 लाख कैश बरामद

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने प्रतिबंधित 'वेनेरेक्स कफ सिरप' की अवैध खरीद-फरोख्त करने वाले 3 शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 10 लाख रुपये कीमत का प्रतिबंधित सिरप, 3 लाख रुपये नकद और तस्करी में इस्तेमाल होने वाली एक ऑल्टो कार बरामद हुई है। मुजफ्फरनगर के एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन और एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महादिक के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस को यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सटीक सूचना पर बुढ़ाना-कांधला मार्ग से विज्ञाना जाने वाले रास्ते पर एक खंडहर के पास घेराबंदी की गई। पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को दबोच लिया, जिनकी पहचान अमजद निवासी मेरठ, गुलवेज निवासी मुजफ्फरनगर और जोएब निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है, जबकि इनका एक साथी शुभम, जो गाजियाबाद का रहने वाला है, फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अभियुक्तों ने बताया कि वे गाजियाबाद के रहने वाले शुभम से यह प्रतिबंधित कफ सिरप कम दामों में खरीदते थे और फिर इसे ऊंचे दामों पर उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में सप्लाई करते थे। आज भी ये लोग 24 पेटियों में भरी 2,845 शीशियों को ऑल्टो कार से उत्तराखंड ले जाने की फिराक में थे। बरामद 3 लाख की नगदी भी इसी अवैध धंधे से कमाई गई थी। फिलहाल पुलिस अब इनके साथ जुड़े पूरे नेटवर्क की तलाश में जुट गई है।







# 'यूपी को बर्बाद करने वाले सुअरों को तबाह किया'

## बलरामपुर में योगी बोले- पहले यही चूहे बिदकते थे, माफिया चुनोगे तो खून ही चूसेगा

**बलरामपुर, 5 जून (एजेंसी)।** योगी ने बलरामपुर में कहा कि कुछ चूहे पहले बिदकते थे, बाद में सूअर बनकर पूरे प्रदेश को तबाह करने लगे। आज उनको ही तबाह कर दिया गया है। अगर माफिया को चुनोगे तो खून भी चूस डालेगा। विकास का पैसा खाकर संपत्तियों पर भी कब्जा कर लेगा।


सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे। यहां उन्होंने करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही कई छोटे बच्चों को गोद में लेकर अपने हाथों से खीर खिलाई। योगी ने कहा कि आज विश्व पर्यायवरण दिवस है। ये दिन हमें बताता है कि जल है तो कल है और वन है तो जीवन है। अगर हम जल के स्त्रोत को गंदा करते हैं तो इसका परिणाम भी हम ही झेलेंगे। आज बलरामपुर विकास की ओर बढ़ रहा है। आज यहां बिजली-पानी की उचित व्यवस्था है।



मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यायल और थारू संग्रहालय का सपना साकार हुआ है। 2007 से मांग थी, लेकिन अब जाकर मथुरा घाट पर ब्रिज की स्वीकृति मिली है। आज सड़कें चकाचक बन रहीं। बाढ़ की समस्या का समाधान किया जा रहा है। बांधों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। सिंचाई की समस्या का समाधान किया जा रहा है। योगी ने कहा कि विकास के मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आज मैं आपके बीच में हूं। 2017 से पहले यहां सपा के गुंडे-दलाल राशन खा जाते थे। गरीब को राशन नहीं मिल पाता था। आज हमने आपको कार्ड भी दिया है। गरीब को फ्री में राशन मिल रहा है। मकान दिया जा रहा है। शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। नौजवानों के लिए रोजगार, शासन की योजनाओं से जोड़ने और बहन-बेटियों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न कराया जा रहा है। बिना भेदभाव के सबको विकास के तहत लाभ पहुंचाया जा रहा है। पीएम सबका साथ-सबका विकास पर काम कर रहे हैं। यूपी में अगर बेटी को छेड़ने का काम या व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम किया तो किसी को छोड़ेंगे नहीं। अब दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त प्रदेश होकर उत्तर प्रदेश बहुत तेजी से उभर रहा है। पहले आप कहीं जाते थे, माफिया से आपका संबंध आपकी पहचान पर संकट लाता था। लेकिन वही माफिया आज मिट्टी में मिल गए। 2017 से पहले यूपी से आए हुए व्यक्ति से लोग दूरी बना लेते थे। लेकिन अब 10 कदम आगे आकर आपको गले लगाते हैं। आज की पहचान सुरक्षा के लिए हो रही है। आज प्रदेश की पहचान देश के युवा राज्य की तरह हो रही है। यूपी की पहचान आध्यात्म पर्यटन की तरह बढ़ रही है। ये सब इसलिए हुआ है, क्योंकि आपने अच्छे नेता को चुना है। अगर माफिया को चुनोगे तो खून भी चूस डालेगा। विकास का पैसा खा लेगा। संपत्तियों पर भी कब्जा करता है। पहले बिदकने और बाद में सूअर बनकर पूरे प्रदेश को तबाह करने वालों को तबाह किया गया है।

### स्टंटबाजी व तलवार लहराने वाले युवकों सहित भाजपा नेता देशबंधु तोमर पर मुकदमा

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** 31 मई को जिला अस्पताल तिराहे से अहिल्याबाई होल्कर जयंती निकाली गयी थी, जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली गयी थी। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में जयंती में शामिल कुछ युवकों द्वारा हवा में हाथों में तलवार लहराई गई थी, जबकि कुछ युवकों ने खतरनाक तरीके से स्टंटबाजी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस संबंध में गांधीनगर चौकी इंचार्ज गणेश शर्मा की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शोभायात्रा के आयोजक देशबन्धु तोमर व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस का कहना था कि शोभायात्रा के दौरान कुछ युवकों ने खतरनाक स्टंट कर लोगों के जीवन को खतरे में डाला था। जिसमें आयोजक ने कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस की सहायता नहीं की। पुलिस इस मामले में 5 युवकों का चालान किया है। हालांकि भाजपा नेता एवं शोभायात्रा के आयोजक देशबंधु तोमर के नामजद होने से राजनीतिक माहौल गर्मा रहा है।



# पूरे देश में खत्म हों मदरसा बोर्ड: डॉ. प्रवीण तोगड़िया

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा है कि मदरसा बोर्ड पूरे देश में खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू खतरे में है और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए 'वीर हिंदू विजेता हिंदू' अभियान से जुड़ना चाहिए। उन्होंने गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने

**घरों में लाठी, डंडे, हॉकी और त्रिशूल धारण करने की सलाह दी**

तथा युवाओं को आत्मरक्षा के लिए घरों में लाठी, डंडे, हॉकी और त्रिशूल धारण करने की सलाह दी। खतौली क्षेत्र के रवापुर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा वीर हिंदू विजेता हिंदू सेल्फ प्रोटेक्शन ट्रेनिंग शिविर में शुक्रवार को डॉ प्रवीण तोगड़िया पहुंचे थे। मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरे देश में मदरसा बोर्ड खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू खतरे में है हिंदुओं को वीर हिंदू विजेता हिंदू अभियान के साथ जुड़कर अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। तोगड़िया ने कहा कि गाय की रक्षा देश में होनी चाहिए भारत में नहीं होगी तो कहां होगी उन्होंने कहा कि जैसे 370 हटी है तो यह भी होकर रहेगा सफाई चालू रखो तो गंदगी नहीं बढ़ेगी। गंदगी तो हटानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर भारत के हर एक राज्य में चलेंगे अब तक 12 राज्यों में शिविर हो गए हैं। इनमें करोड़ों युवा को रोजाना व्यायाम अखाड़ा, स्पोर्ट्स, जिम, सूर्य नमस्कार और दंड बैठक आदि सिखाए जा रहे हैं। हमें घर में लाठी डंडे पाइप या हॉकी जो कानून सम्मत हथियार रखना चाहिए।




**गोलोकधाम में पेड़-पौधों से श्रृंगार कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश**



### अंडमान में गहरे समुद्र में मिला प्राकृतिक गैस का भंडार

**नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसी)।** भारत की ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के मोर्चे पर एक बेहद सकारात्मक और बड़ी खबर



आई है। देश की प्रमुख सरकारी अन्वेषण कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान सागर में गहरे पानी के भीतर प्राकृतिक गैस की खोज में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई देते हुए सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। यह खोज भारत के महत्वाकांक्षी डीप-वाटर एक्सप्लोरेशन अभियान को एक नई दिशा देने वाली साबित होगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य मुठभेड़ में घायल

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** शामली बाईपास पर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह से खालापार पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड में 3 बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों के पास से 109 एटीएम कार्ड, एक बाइक व 25 हजार रुपए बरामद किए है। आरोपी गैंग यूपी व अन्य राज्यों में इस तरह की सैकडों वारदातों को अंजाम दे चुका है। 12 मई इस गैंग ने को खालापार थाना क्षेत्र में एक एटीएम पर घटना की थी, तभी से पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। खालापार थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा शुक्रवार देर शाम शामली बाइपास के पास पुलिस टीम के चैकिंग कर रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाला गैंग शामली बाइपास पर मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सादाब खान निवासी भोजपुर दिल्ली, वसीम निवासी गांव सूरजपुर जिला बागपत व आसिफ निवासी गांव चौलड़ा बागपत गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों से पुलिस ने 109 एटीएम कार्ड, 1 पल्सर बाइक व 25 हजार रुपए बरामद किए हैं। इस गैंग ने 12 मई खालापार थाना में एसबीआई के एटीएम से एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर खाते से पैसे निकाल व बागपत, रुडकी, हरिद्वार में इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस गैग का अन्य राज्यों से अपराधिक रिकार्ड पता करने में जुटी हुई है। घायल तीनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवा दिया गया है।




### शिमला सहित हिमाचल में कई जिलों में भूकंप के तेज झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**शिमला, 5 जून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में शुक्रवार रात करीब 10:04 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 आंकी गई। भूकंप का केंद्र चंबा जिले में 32.289 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.434 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जबकि इसकी गहराई मात्र 5 किलोमीटर दर्ज की गई, जिसके कारण झटके अपेक्षाकृत अधिक महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से यह जानकारी दी गई है। भूकंप के झटकों से शिमला, कांगड़ा, कुल्लू और चंबा जिले व आसपास के कई क्षेत्रों में लोग इस दौरान घरों से बाहर निकाल आए। देर रात तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली।चंबा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में आता है और पहले भी यहां कई बार भूकंप दर्ज किए जा चुके हैं।

## टोल पर गुंडागर्दी करने वाली पांच टोल कर्मी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** शामली रोड पर जागाहेड़ी टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों को गुंड़ागर्दी आज भारी पड़ गई। शामली की ओर से आ रहे कार सवार के साथ मारपीट के बाद पांच टोलकर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थानाक्षेत्र तितावी के अन्तर्गत पानीपत-खटीमा मार्ग पर स्थित जागाहेडी टोल प्लाजा पर शामली से मुजफ्फरनगर की ओर आ रहे कार चालक का टोलकर्मियों से टोल को लेकर वाद-विवाद हो गया। टोलकर्मियों द्वारा उक्त कार चालक के साथ मारपीट व अभद्रता की गयी। इसकी सूचना थाना तितावी पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर थाना तितावी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा सीसीटीवी फुटेज आदि की जांचकर मारपीट में घटना में सम्मिलित 5 टोलकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार टोलकर्मियों में अंकुश पुत्र मंगलूराम निवासी ग्राम निराना थाना समालका, पानीपत, हरियाणा, अर्जुन कुमार पुत्र देवीराम निवासी ग्राम औचन्दी थाना बवाना, पश्चिम दिल्ली, प्रिन्स पुत्र नरेश निवासी गोयला कला थाना वापोली, पानीपत, हरियाणा। सनी मलिक पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम जागाहेड़ी थाना तितावी तथा अमरीश पुत्र यशपाल निवासी ग्राम पीनना थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।



## खोड़ा में भारी पुलिस बल की सुरक्षा के बीच जुमे पर अलर्ट

**गाजियाबाद, 5 जून (एजेंसी)। सूर्या हत्याकांड के बाद सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए खोड़ा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। शुक्रवार को 19 मस्जिदों पर नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस, पीएसी, आरएएफ, आरआरएफ की बटालियन समेत एक हजार पुलिसकर्मी क्षेत्र में तैनात किए गए थे। साथ ही पूरे क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई गई। लोग शांतिपूर्वक नमाज पढ़कर अपने-अपने घरों को लौट गए। खोड़ा में 19 मस्जिद और चार मदरसे हैं। इनमें से दो मदरसों को सील किया जा चुका है और एक पर नोटिस चस्पा किया गया है। सूर्या हत्याकांड के बाद कुछ हिंदू संगठनों की ओर से जुमे की नमाज न करने देने की चेतावनी दी थी। उसी के मद्देनजर खोड़ा में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। खोड़ा पुलिस के तीन दिवसीय सत्यापन अभियान में हिस्ट्रीशीटर समेत 1600 अपराधियों को चिंहित किया गया। इस दौरान पुलिस ने 45 गैंगस्टर की कुंडली निकालकर उनको रडार पर लिया है।**

### मामी के कत्ल में भानजा व उसकी प्रेमिका गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शालीमार बाग में मंगलवार को हुई महिला की हत्या की गुत्थी 48 घंटे में सुलझाने का दावा करते हुए मृतक महिला के ननद के लड़के मधुर कुंद्रा (31) और उसकी प्रेमिका अमरजोत कौर संधु (28) को अमृतसर, पंजाब से गिरफ्तार किया है। मधुर ने प्रेमिका के साथ विदेश में बसने के लिए मामी रजनी की हत्या कर करीब एक करोड़ रुपये की जूलरी व 14.4 लाख रुपये लूटकर फरार हो गया था। आरोपी के कब्जे से लूटी गई जूलरी व नकदी बरामद कर ली गई है। आरोपी मधुर एमबीए डिग्री होल्डर है।

## हैकर्स का 'डिजिटल डाका' फेल, सीबीएसई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसी)।** सीबीएसई ने पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर हुए साइबर हमलों को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बोर्ड ने कहा कि पिछले तीन दिनों में कई समन्वित हमले हुए, लेकिन 24७7 निगरानी और साइबर सुरक्षा टीमों की मदद से डाटा पूरी तरह सुरक्षित रहा। बोर्ड ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में पोर्टल को निशाना बनाकर कई समन्वित और सुनियोजित साइबर हमले किए गए, लेकिन समय रहते इन्हें विफल कर दिया गया और किसी भी प्रकार का डाटा लीक या सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ। सीबीएसई ने 5 जून 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट को दी गई है। बोर्ड ने पूरे मामले की विस्तृत जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। सीबीएसई ने हाल ही में 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों के लिए पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल शुरू किया था। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन, पुनर्मूल्यांकन और अन्य परिणाम संबंधी सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

# भाई साहब, एक दिन में कहां-कहां लगाए 5,00,000 पौधे?

**मुजफ्फरनगर, 5 जून (बु.)।** पौधे जमीन पर लगते हैं या कागजों पर यह तो पता नहीं, लेकिन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने दावा किया है कि आज अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे मुजफ्फरनगर में 5 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया गया जिसमें वन विभाग का कुल लक्ष्य 18000 था जिसमें से 16,000 अभयारण्य क्षेत्र में पूरा किया गया। हालत यह है कि कभी चारों ओर घने बागों और मुख्य मार्गों के बीच हरे विशाल पेड़ों की छाया से बनी सुरंग जैसी आकृति पेड़ों के अंधाधुंध कटान के बाद गायब हो चुकी है। विकास के नाम पर हाईवे बने हैं, लेकिन हरियाली की छाती पर गोड्डा रखकर बेरहमी से लाखों पेड़ इसकी भेंट चढ़ चुके हैं। इसके बदले में कितने पेड़ लगे हैं, इसकी कहानी ये हाईवे खुद बता सकते हैं। सैकड़ों की तादाद में आम और दूसरे बाग पहले भी गायब होने का नतीजा यह है कि अब वन विभाग या किसानों द्वारा बोए गए यूकेलिप्टस के पेड़ ही नजर आते हैं । घने छायादार और फलदार वृक्ष गायब हो चुके हैं। मुख्य मार्गों पर पर बिछने वाली जामुन समाप्त हो चुकी है। इनके बदले बने हाईवे अब ऐसे लगते हैं जैसे रेगिस्तान में सड़क बनी हों। बहरहाल क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत वशिष्ठ ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का उद्देश्य समग्र रूप से पर्यावरण को सुरक्षित करना और लोगों को

**▶ अंधाधुंध कटान से नंगे हो चुके हैं हाईवे और गायब हो चुके हैं घने पेड़ों वाले बाग ▶ एक पेड़ मां के नाम पर वानिकी विभाग के पौधारोपण का दावा कितना सच**

जान जागरूक करना है जिससे अपने पर्यावरण के सभी अंग सुरक्षित , संरक्षित और विकसित रह सके। विभाग का दावा अपनी जगह है, लेकिन सवाल यह है कि पांच लाख पौधे एक दिन में लगाने का दावा कितना सही है, यह तो जांच के बाद की पता चल सकता है कि पांच



लाख पौधे जमीन पर लगे या कागजों में। इसकी पड़ताल तो डीएम ही करा सकते हैं। ज्ञात रहे कि पिछले कुछ वर्षों में जो करोड़ों पौधे लगाने के दावे वृक्षारोपण अभियान में किए जाते रहे हैं, अगर उसके आधे भी लग गए होते तो जिले का नाम मुजफ्फरनगर की जगह हरित नगर रखने की मांग हो रही होती। सच यह है कि हाईवे और सड़कों के चौड़ीकरण व गंगनहर पर कांवड़ पटरी निर्माण के नाम पर लाखों पेड़ों की बलि दी जा चुकी है। कभी विशाल हरे पेड़ों से आच्छादित जिले के कई प्रमुख मार्ग अब नंगे हाईवे की तरह खड़े हैं। नियमानुसार वहां से पेड़ा काटने के बदले में कितने पेड़ लगाए गए हैं, इसका कोई हिसाब शायद ही इस काम में लगे सरकारी अमले या संगठन दे पाएं?

## होमगार्ड का शव गंगनहर से बरामद

**भोपा, 05 जून (बु.)।** नगर में तैनात होमगार्ड आनंद कुमार का शव गंगनहर से बरामद कर लिया गया है। आनंद कुमार ने बुधवार दोपहर भोपा स्थित पुल से गंगनहर में छलांग लगा दी थी, जिसके बाद से उनकी तलाश जारी थी। छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा निवासी 55 वर्षीय आनंद कुमार पुत्र रतन सिंह बुधवार दोपहर अपनी बाइक से भोपा पुल पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक नहर की पश्चिमी पटरी पर खड़ी की और कुछ देर तक बदहवास हालत में इधर-उधर टहलते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आनंद पुराने पुल पर बनी दीवार और तारबाड़ को फांदकर पुल के मध्य में पहुंचे। उन्होंने अपना मोबाइल और पर्स पुल की मेड़ पर रखा और तुरंत नहर में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें छलांग लगाते देख शोर मचाया, जिससे मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सीओ देवव्रत वाजपेयी और प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह मौके पर पहुंचे। मोबाइल और पर्स में मिले कागजातों से आनंद की पहचान हुई और उनके परिजनों को सूचित किया गया। मेरठ की 44 पीएसी बाढ़ राहत दल की टीम ने आनंद की तलाश शुरू की। गोताखोर राजीव बेनीवाल ने भी नहर में उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका था। परिजनों ने बताया था कि आनंद ने गृह क्लेश के चलते आत्महत्या की है। आनंद के परिवार में उनकी पत्नी कविता देवी और दो शादीशुदा पुत्र राहुल कुमार व सोनू कुमार हैं। क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि होमगार्ड आनंद कुमार का शव नगला बुजुर्ग गंगनहर से बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



